डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/ म.प्र./ मन्दसौर/ 122/ 2021- 23
ई-पेपर www.guruexpress.live
बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार
संपादक – आशुतोष नवाल
वर्ष 18 | अंक 05 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | गुरुवार 12 अक्टूबर 2023 | मूल्य 2 रुपया

## छात्रावास में भोजन से 9 छात्राएं फूड प्वायजनिंग की शिकार, अस्पताल में भर्ती

**नीमच, 11 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** शहर के कस्तूरबा गांधी कन्या छात्रावास में फूड पॉइजनिंग से 9 छात्राएं बीमार हो गई। सभी छात्राओं को उपचार के लिए नीमच के बड़े में भर्ती किया गया है।

बताया जा रहा है कि सुबह करीब 9:30 बजे सभी छात्राओं ने खाना खाया था। जिसके बाद कुछ छात्राओं की तबीयत बिगड़ गई और क्लास में ही उन्हें पेट दर्द और उल्टी की शिकायत होने लगी। इसके बाद आनन-फानन में सभी छात्राओं को एम्बुलेंस से नीमच के बड़े अस्पताल लाया गया। फिलहाल सभी बीमार छात्राओं का उपचार जारी है। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीएम ममता खेड़े, डिप्टी कलेक्टर किरण आंजना, जिला शिक्षा अधिकारी सीके शर्मा सहित आला अधिकारी अस्पताल पहुंचे। अधिकारियों ने चिकित्सकों को बेहतर इलाज के निर्देश दिए है। छात्राओं के घरवाले भी जानकारी मिलते ही अस्पताल पहुंच गए थे।




# चंबल पुलिया: दो राज्यों के चुनावों परिणामों पर असर!

### टेंडर पर टेंडर, शुरू नहीं हो पा रहा निर्माण



**मंदसौर, 11 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** सुवासरा विस क्षेत्र की क्षतिग्रस्त चंबल पुलिया दो राज्यों के चुनावों परिणामों पर असर डाल सकती है। मप्र-राजस्थान को जोड़ने वाली इस पुलिया का उपयोग दोनों राज्यों के हजारों लोग करते हैं। अब लंबा रास्ता तय करके इन्हें आना-जाना करना पड़ रहा है। बीते चार साल में टेंडर पर टेंडर बुलाए जा रहे हैं। लेकिन, पुलिया निर्माण नहीं हो पा रहा। जहां सुवासरा विस क्षेत्र के लोग इससे प्रभावित है। वहीं राजस्थान में झालावाड़ क्षेत्र के लोग भी इसका उपयोग करते हैं। वहीं दोनों राज्यों में चुनाव होना है। बता दे कि पांचवीं बार फिर से टेंडर निरस्त हो गया है।

#### दो राज्य, एक मंत्री...

दो राज्यों की सरकार भी मिलकर इस पुलिया का निर्माण नहीं करा पाई है। न राजस्थान की कांग्रेस सरकार ने इस काम में रुचि ली और न ही मप्र की भाजपा सरकार इस पुलिया को चार साल में बनवा सकी। इधर बात करें तो जिस विस क्षेत्र से यह पुलिया राजस्थान को जोड़ती है। उस विस क्षेत्र में विधायक मप्र सरकार में मंत्री भी रहे हैं।

#### उपचुनाव में भी था बड़ा मुद्दा...

लंबे समय से चंबल नदी पर पुल निर्माण की मांग के साथ आम लोग इसके निर्माण शुरु होने की उम्मीद लगाए बैठे है। लेकिन, मंजूरी के बाद यह प्रक्रियाओं में ही उलझकर रह गया है। वर्ष 2019 में आई बाढ़ के बाद सुवासरा विधानसभा में उपचुनाव हुआ, तब भी यह बड़ा मुद्दा था। नए पुल की मंजूरी मिली, लेकिन निर्माण नहीं हो सका। अब ऐसे में एक बार फिर चुनाव होना है और यह पुल फिर बड़ा मुद्दा बन सकता है।

#### दोनों राज्यों के सीएम ने भी आपस में की बात...

वर्ष 2019 में जिले में आई बाढ़ के कारण सुवासरा-सीतामऊ क्षेत्र में जिले को राजस्थान से जोडने वाला चंबल नदी पर बना पुल बह गया था। इस पुल के निर्माण के लिए राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुधंरा राजे तक ने मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान से फोन पर बात की थी तो पुल बहने के बाद प्रदेश में हुए सत्ता परिवर्तन के बाद इसके निर्माण का मुद्दा प्रतिष्ठा का प्रश्न बना ओर मांग बढ़ने लगी। ऐसे में प्रदेश सरकार ने चंबल नदी पर 18 करोड़ 64 लाख रुपए में पुल निर्माण की मंजूरी दे दी। लेकिन अब तक टेंडर प्रक्रिया ही चल रही है। विभाग ने चार बार टेंडर बुलाए, लेकिन काम नहीं बना। पांचवीं बार फिर से टेंडर निरस्त हो गया। अधिकारियों के अनुसार पांचवीं बार रेट दर अधिक होने के चलते टेंडर कैंसिल हो गया। पिछली बार 18 प्रतिशत रेट थे। वो भी मंजूर नहीं हो पाए। जबकि इस बार 27 प्रतिशत आए थे। जब 18 प्रश मंजूर नहीं हो पाए तो 27 प्रश कैसे मंजूर हो पाएंगे। अब छठी बार प्रक्रिया आचार संहिता के बाद ही होगी।

#### लंबा चक्कर लगने से समय और धन हो रहा बर्बाद...

ब्रिज बह जाने के बाद दीपाखेड़ा, दलावदा, ढंडेरा, साताखेड़ी, लदुना आदि गांव में व्यापार-व्यवसाय प्रभावित हुआ है। अभी ब्रिज नहीं होने पर यदि मंदसौर- सीतामऊसे चौमहला जाना है तो सुवासरा होकर या आलोट होकर जाना पड़ता है। इससे लोगों को 50 से 60 किमी का अतिरिक्त सफर करना पड़ रहा। इससे समय व धन दोनों की बर्बादी हो रही है।

#### राजनीतिक-व्यापारिक दृष्टिकोण से अहम है चंबल का पुल...

चंबल नदी का यह पुल जिले सहित सुवासरा विधानसभा के लिए बड़ा मुद्दा है। वर्ष 2019 में जब बाढ़ आई ओर पुल बहा था तब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी। सरकार ने बाढ़ में हुए नुकसान पर रिपोर्ट तो मांगी। लेकिन, इस पुल के निर्माण को मंजूरी नहीं मिली। इस बीच प्रदेश मे सत्ता परिवर्तन हुआ और क्षेत्र के कांग्रेस के विधायक रहे हरीदीपसिंह डंग भाजपा में आए ओर कैबिनेट मंत्री बने तो पुलिया निर्माण की मंजूरी की मांग ओर लोगों की उम्मीदें भी बढ़ती चली गई। इसके बाद प्रदेश सरकार ने बजट के दौरान इस पुलिया निर्माण को मंजूरी दी। लेकिन तीन साल बीतने के बाद भी इसका निर्माण शुरु होने की प्रक्रिया ही चल रही है। ऐसे में दो राज्यों को जोड़ने वाला यह पुल राजनीति से लेकर आवागमन सहित व्यापारिक दृष्टि से भी अहम है। चंबल नदी पर बना हुआ यह पुल मंदसौर जिले को राजस्थान से सीधा जोड़ता है। वर्तमान में पुल के अभाव में चोमहेला से सुवासरा, शामगढ़ सहित जिले में आवाजाही करने वाले लोगों को परेशान होना पड़ रहा है।



# तीस अक्टूबर को खत्म होगा चांडाल योग

### डेढ़ साल बाद राहु-केतु बदलेंगे घर, वर्ष के सबसे बड़े राशि परिवर्तन से मिलेगा लाभ

**मंदसौर, 11 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** आगामी 30 अक्टूबर को वर्ष का सबसे बड़ा राशि परिवर्तन होगा। हमेशा उल्टी चाल चलने वाले राहु और केतु एक-एक घर अर्थात एक-एक राशि पीछे जाएंगे। जहां राहू मेष से मीन और केतु तुला से कन्या राशि में प्रवेश करेगा। इससे चंडाल योग खत्म होगा और लोगों को राहत के साथ ही लाभ मिलने की संभावना बढ़ेगी। एक साथ राशि बदलने वाले राहू और केतु ग्रहों का यह परिवर्तन 568 दिन यानी लगभग ड़ेढ़ साल बाद होगा। ज्योतिषी इसे वर्ष का सबसे बड़ा बदलाव मान रहे हैं।

ज्योतिषाचार्य पंडित धीरेन्द्र तिवारी के अनुसार राहू-केतु के राशि परिवर्तन का असर यूं तो सभी 12 राशियों के लोगों पर पड़ेगा। लेकिन, मेष और तुला समेत कई राशियों के लोगों को मानसिक रूप से काफी राहत मिलेगी। इसकी वजह यह है कि मेष राशि में राहू और बृहस्पति एक साथ थे, जो परस्पर एक-दूसरे के विरोधी हैं। इसलिए खास कर मेष और तुला राशि के लोग स्वास्थ्य की समस्याओं का सामना कर रहे हैं। इनका निराकरण होने लगेगा।

#### दोनों ग्रह इन राशियो में डेढ़ साल रहेंगे...

पंडित श्री तिवारी ने बताया कि 11 अप्रैल 22 से राहू मेष और केतु तुला राशि में विराजमान हैं, जो 30 अक्टूबर को रात 8.28 बजे एक साथ राशि परिवर्तन करेंगे। राहू अभी मंगल के स्वामित्व वाली मेष राशि में है, जबकि केतु तुला में है, जिसके स्वामी शुक्र हैं। राहू बृहस्पति के स्वामित्व वाली मीन राशि और केतु बुध के प्रभाव वाली कन्या राशि में जाएंगे। यह दोनों ग्रह इन राशियों में डेढ़ साल रहेंगे। मान्यता है कि राहू-केतु छाया ग्रह है। इनके कारण ही कालसर्प योग, पितृ दोष, गुरु चंडाल योग और अंगारक योग बनते हैं, जो अशुभ होते हैं।

## कैसे होगा आचार संहिता पालन...

# किरायेदार 5 हजार, जानकारी हजार की भी नहीं!

**मंदसौर, 11 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश और पड़ोसी राज्य राजस्थान में भी चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ होकर आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। मंदसौर की सीमा राजस्थान के कोटा, झालावाड़ और प्रतापगढ़ जिले से से लगी हुई है। ऐसे में बार्डर मीटिंग के जरिए दोनों राज्य के अधिकारी पुलिस और प्रशासनिक व्यवस्थाओं को लेकर बैठकें ले रहे हैं। बैठकों में किरायेदारों और होटलों में काम करने वाले बाहर से आए नौकरों की जानकारी भी एकत्रित करने के निर्देश दिए गए है। जबकि, अभी तक इसे गंभीरता से नहीं लिया गया है।

अभी तक शहर के तीनों थानों में लगभग एक हजार किरायेदार या घरेलू नौकरों की जानकारी दी गई है। जबकि, शहर में एक अनुमान के मुताबिक लगभग 5 हजार से अधिक किरायेदार और घरेलू नौकर रहते हैं।

शहर में किला रोड़, बालागंज, जीवागंज, जनकूपुरा, खानपुरा, जगतपुरा सहित अन्य क्षेत्रों में ऐसे कई मकान है। जहां एक-एक दर्जन से अधिक किरायेदार रह रहे हैं। इसके अलावा रामटेकरी, अभिनंदन नगर, किटियानी, संजीत नाका, साथ ही कॉलोनी क्षेत्रों में भी कई लोग किराये से रह रहे है। अधिकांश मकान मालिकों ने अपने किरायेदारों की जानकारी संबंधित थानों में नहीं दी है। अंजान व्यक्ति को बिना कोई पड़ताल किए किरायेदार व घरेलू नौकर रख रहे हैं। इनमें कुछ आपराधिक पृष्ठभूमि के भी होते हैं जो दूसरे क्षेत्रों में अपराध करने के बाद यहां पर आसानी से रहते हैं। समीक्षा बैंठक में पुलिस कप्तान भी कई बार निर्देश जारी कर चुके है। पर किरायेदार और नौकरों की पूरी जानकारी थानों में नहीं पहुंची है।

#### लापरवाही से खतरे में शहर...

ज्यादातर मकान मालिक लापरवाही के चलते बिना जांच-पड़ताल के ही किसी भी व्यक्ति को किरायेदार या नौकर रख लेते हैं। जबकि, आपराधिक मंसूबों को लेकर ये कुछ समय के लिए शहर में किरायेदार के रूप में रहकर वारदात कर फरार हो जाते हैं। मकान मालिकों ने बताया कि कई लोग अपने व्यवसाय के कारण कुछ माह के लिए मकान किराए पर लेते हैं, वे समय-सीमा में चले जाते हैं। सहज विश्वास के कारण पुलिस को सूचना नहीं देते हैं।

#### थाने पर उपलब्ध रहता है फॉर्म...

किरायेदार एवं नौकरों की जानकारी थाने पर देने की प्रक्रिया काफी सरल है। थाने से मिलने वाले फॉर्म पर किरायेदार, नौकर का नाम, मूल पता, कब से कब तक मकान में रहेगा आदि जानकारी के अलावा फोटो, पहचान पत्र, मोबाइल नंबर देना होता है। पुलिस नाम व फोटो के आधार पर उसका रिकॉर्ड पता कर लेती है।

## मजदूर की उंगलिया कटी, प्रकरण दर्ज

**मंदसौर, 11 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** वायडी नगर थाना क्षेत्र के गुराडिया देदा स्थित एक फैक्टरी में कार्य करने के दौरान मजदूर की उंगलियां कट गई। इसके बाद पुलिस ने मालिक के खिलाफ केस दर्ज किया है। वायडी नगर थाना क्षेत्र में लगी इंडस्ट्रीज बालाजी प्लास्टिक फैक्ट्री के मालिक दिलीप दुबे विरूद्ध पुलिस ने मामला दर्ज किया है। बीते मंगलवार 10 अक्टूबर की रात फैक्ट्री में कार्य करने वाले मजदूर प्रवीण के हाथों की पांच उंगलियां मशीन में कट गई थी। मामले में मजदूर ने पुलिस से शिकायत की थी। आरोप है कि फैक्ट्री में मजदूरों को सुरक्षा किट मुहैया नहीं करवाने पर हादसा हुआ। वायडी नगर थाना एएसआई प्रदीप .... शेष पेज 4 पर

# सरकारी भवन पर पोस्टर, कई प्रकरण दर्ज

### मैदान में उतरा प्रशासनिक का अमला

**मंदसौर, 11 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद अब प्रशासन सख्त हो रहा है। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव, अपर कलेक्टर विशाल सिंह चौहान, जिला पंचायत सीईओ कुमार सत्यम सहित प्रशासनिक अमले ने सहकारी, सार्वजनिक और निजी भवनों पर लगे होर्डिंग, दीवारों पर लगे विज्ञापनों को चिह्नित किया है। जिसके बाद जिले में करीब आठ से दस मामलों में पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है।

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होते ही 24 घंटों के भीतर सरकारी भवनों पर 48 घण्टे और 72 घण्टों में निजी भवनों पर लगे पॉलिटिकल प्रचार संबंधित विज्ञापनों को हटाने के निर्देश थे। आचार संहिता का पालन करवाया जा रहा है। उधर, मंदसौर शहर सहित अंचल में भी पुलिस और प्रशासन द्वारा वाहनों पर लगी प्रचार वाली नम्बर प्लेट और वाहनों के शीशे पर लगी काली फिल्म को हटाया जा रहा है।

#### सैकड़ा लगाने वाले 137 मतदाता...

मंदसौर जिले की चार विधानसभाओं में कुल 10 लाख 34 हजार 700 मतदाता है। खास बात यह है कि जिले की इन चार विधानसभाओं में 40 हजार 214 युवा मतदाता है। वहीं 80 साल से ज्यादा उम्र के 14 हजार 304 वोटर है। जबकि, 100 साल से ज्यादा उम्र के 137 मतदाता है, जो चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।









# प्रांत स्तरीय राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता संपन्न



**मंदसौर, 11 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** भारत विकास परिषद मध्यभारत पश्चिम प्रांत द्वारा आयोजित राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता के दुसरे चरण में प्रांत स्तरीय समूहगान प्रतियोगिता श्रीजी फार्मेसी कॉलेज मंदसौर में सम्पन्न हुई । मंचासीन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर व वन्देमातरम गान श्रीमती ममता सौलंकी, प्रीति अग्रवाल, नीता सौलंकी, अनिता मरच्या, कल्पना मेहता, रीना अग्रवाल द्वारा प्रस्तुत कर कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। स्वागत नृत्य भूमिका सौलंकी ने प्रस्तुत किया । अतिथि स्वागत पश्चात् प्रांतीय अध्यक्ष प्रदीप चौपड़ा व शाखा अध्यक्ष अजय शर्मा ने स्वागत उद्बोधन दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री अनिल कियावत प्रदेश कार्य समिति सदस्य भाजपा, श्री नाहरु खां, समाजसेवी एवं उद्योगपति मन्दसौर, नवीन सैनी चेयरमेन श्रीजी ग्रुप ऑफ कॉलेज, मन्दसौर, ईश्वर पटेल, प्रांतीय संरक्षक, प्रतियोगिता में केन्द्रीय पर्यवेक्षक के रूप में भारत विकास परिषद कि रीजनल सेक्रेटरी सेवा सुनिल सिंहल, नीमच एवं श्रीमती रेखा पोरवाल राष्ट्रीय प्रोजेक्ट मेम्बर, महिला एवं बाल विकास, प्रदीप चौपड़ा प्रांतीय अध्यक्ष, घनश्याम पोरवाल प्रांतीय महासचिव, श्रीमती पूजा चित्तौड़ा प्रांतीय संस्कार प्रमुख, सुनील लवंगीकर प्रांतीय कोषाध्यक्ष, ओमप्रकाश गुप्ता प्रांतीय उपाध्यक्ष, पराग काबरा उज्जैन, ललित राठी नीमच, पप्पूसिंह राठौर एवं निलेश नाहर, जावरा एवं प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ. अल्पनारानी गांधी, श्रीमती शिवा मित्तल नीमच एवं श्री पंकज पांचाल उज्जैन रहे। समूहगान के प्रांतीय प्रकल्प संयोजक मुकेश दानगढ़, शामगढ़ ने प्रतियोगिता के बारे में जानकारी देते हुवे बताया कि प्रथम चरण में भारत विकास परिषद् कि विभिन्न शाखाओं में स्थानीय स्तर पर विद्यालयो कि टीमो के मध्य इस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। उसमें से विजेता टीम ने मंदसौर में आयोजित प्रांतीय प्रतियोगिता में भाग लिया। उक्त समूहगान प्रतियोगिता में प्रान्त की 11 टीमों ने भाग लिया, परिषद के केंद्रीय कार्यालय द्वारा अनुमोदित पत्रिका चेतना केस्वर से सभी टीमो ने हिंदी व संस्कृत में राष्ट्र भक्ति से ओतप्रोत गीतों की प्रस्तुति दी। सभी टीमों की प्रभावी प्रस्तुति को तीनों संगीत मर्मज्ञ निर्णायकों द्वारा दिये गये निर्णयानुसार किंग जॉन हायर सेकेंडरी स्कूल, देवास की टीम प्रथम एवं ऑक्सफोर्ड जूनियर कॉलेज सांदीपनि उज्जैन की टीम ने द्वितीय स्थान रही। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रही देवास की टीम आगामी 5 नवंबर को भोपाल में आयोजित रीजनल राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता में भाग लेगी। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी टीमों देवास, उज्जैन-सांदीपनि, उज्जैन-हरसिद्धी, उज्जैन-अवंतिका, जावरा, मंदसौर, नीमच मेन, नीमच विवेकानंद, शामगढ़, गरोठ, रतलाम को स्मृति चिन्ह, प्रतिभागियों को प्रशस्ति-पत्र और मेडल परिषद द्वारा प्रदान किए गए। समारोह में उज्जैन शाखा की बालिकाओं ने लोकगीत की प्रस्तुति व मन्दसौर शाखा की महिला सदस्यों ने नवदुर्गास्परुप ओजस्वी गीत की प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती रेशमा शर्मा, नितू मेहता, दिप्ती व्यास, दिव्या जोशी, सोनम फरक्या, मितिका मांदलिया द्वारा किया गया। श्रेष्ठ आयोजन के लिए शाखा प्रतियोगिता संयोजक दीपक सैनी, नरेन्द्रकुमार त्रिवेदी, प्रतियोगिता संचालक देवेन्द्र कुमार मरच्या, मंदसौर शाखा के सचिव डॉ. आशीष अग्रवाल, कोषाध्यक्ष डॉ. नवीन चौधरी, महिला प्रमुख श्रीमती अर्चना गुप्ता का योगदान सराहनीय रहा। इस अवसर विभिन्न शाखाओं के पदाधिकारी व प्रांतीय कार्यकारिणी के सदस्यों के साथ मन्दसौर शाखा के पूर्व अध्यक्ष व पूर्व प्रांतीय महासचिव डॉ. क्षितिज पुरोहित, पूर्व अध्यक्ष मनोज जैन, सुभाष गुप्ता, निखिल मांदलिया, राकेश अग्रवाल, पवन फरक्या, रवि जोशी, विष्णु सोलंकी, डॉ. अशोक सौलंकी, दिलीप सेठिया, जगदीश काला, राजेन्द्र कुमार रत्नावत (एस.बी.आई.), ऋषभ पोरवाल आदि शाखा पदाधिकारियों कि उपस्थिती रही। आभार परिषद के प्रांत समूहगान संयोजक मुकेश दानगढ ने व्यक्त किया।

## देश में एक दिया 16 को बाल विवाह के विरुद्ध जलाया जाएगा

**मंदसौर, 11 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** श्री कैलाश जी सत्यार्थी के आह्वान पर 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान पिछले साल 16 अक्टूबर को शुरू किया गया था। इस वर्ष भी यह अभियान पूरे देश में 16 अक्टूबर को आयोजित हो रहा है। यह जानकारी देते हुए इस अभियान की मन्दसौर संयोजक बबीतासिंह तोमर बताया कि इस अभियान का उद्देश्य देश में ऐसे समाज का निर्माण करना है जहाँ बाल-विवाह को सिर्फ एक सामाजिक कुरीति के रूप में नहीं देखा जाए बल्कि इसे कानूनन अपराध माना जाए। इस आयोजन का उद्देश्य है कि सम्पूर्ण भारतीय समाज बाल विवाह जैसे अपराध के खिलाफ संगठित रूप से खड़ा हो, जहाँ कहीं भी बाल विवाह हो उसके जिम्मेदार लोंगों पर कानूनी कार्यवाही हो। प्रत्येक बच्चे को ऐसा जीवन जीने को मिले जिससे वह एक स्वस्थ्य समाज में रहकर अच्छी शिक्षा व अच्छे स्वास्थ्य के साथ बेहतर समाज का नागरिक बने। आयोजन की मन्दसौर संयोजक बबीतासिंह तोमर ने जिले के सभी समाजजनों, सामाजिक संगठनों, छात्र व युवा संगठनों सहित नागरिकों से निवेदन किया है कि कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन व बचपन बचाओ आंदोलन के बाल विवाह मुक्त भारत अभियान अंतर्गत 16 अक्टूबर 2023 सोमवार को शाम 7 बजे से 8 बजे के बीच अपने अपने घर/प्रतिष्ठान पर 'एक दिया बाल विवाह के विरुद्ध' जलाकर देश को बाल विवाह मुक्त करने के अभियान में अपनी भागीदारी करें।

# लीड बैंक मैनेजर सभी बैंकों में हो रहे लेन देन की मॉनिटरिंग करें-जिला निर्वाचन अधिकारी



**मंदसौर, 11 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव की अध्यक्षता में विधानसभा निर्वाचन के लिए सभी बैंकों के साथ एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर ने सभी बैंकों को निर्देश देते हुए कहा कि, बैंकों में प्रतिदिन हो रहे ट्रांजैक्शन को अच्छे से देखा जाए। इसकी निगरानी भी करें। निगरानी में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पैसों के लेनदेन में रुटीन के अलावा अगर कोई लेनदेन अचानक से होता है, उसकी भी निगरानी रखें तथा रिपोर्ट प्रस्तुत करें। 10 लाख से उपर होने वाले लेनदेन के संबंध में विशेष ध्यान रखा जाए। लीड बैंक मैनेजर सभी बैंकों में हो रहे लेनदेन की निगरानी करेंगे तथा इसकी रिपोर्ट भी समय-समय प्रस्तुत करेंगे। विशेष प्रकार के लेनदेन, केश लेनदेन के संबंध में सभी बैंक समय-समय पर व्यय लेख दल को भी रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। बैठक के दौरान अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विशाल सिंह चौहान, सभी बैंकों के मैनेजर, लीड बैंक मैनेजर मौजूद थे।

## विद्युत आपूर्ति निरंतर निर्बाध रखने के निर्देश

**नीमच, 11 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** भारत निर्वाचन नई दिल्ली द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा की जा चुकी है। जिसके अनुसार 17 नवम्बर 2023 को विधानसभा क्षैत्र-228 मनासा, विधान सभा क्षैत्र क्रं.-229 नीमच एवं विधानसभा क्षैत्र.-230 जावद के सभी मतदान केन्द्रों पर मतदान तथा 3 दिसम्बर 2023 को शासकीय स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय नीमच पर मतगणना की प्रक्रिया सम्पन्न होना है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन ने अधीक्षण यंत्री विद्युत वितरण कम्पनी नीमच को उपर्युक्त तिथियों को सभी मतदान केन्द्रों एवं मतगणना स्थल पर विद्युत आपूर्ति निर्बाध रूप से निरंतर आपूर्ति बनाये रखने के लिए समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर, अवगत कराने के निर्देश दिए है।

## जिला स्तरीय निर्वाचन कंट्रोल रूम स्थापित

**नीमच, 11 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत सूचनाओं के आदान प्रदान के लिए नीमच में जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थारपित किया गया है। कंट्रोल रूम का टोल फ्री नम्बर 1950 और दूरभाष नम्बर 07423-257566 है। निर्वाचन संबंधी सूचनाएं उक्त नम्बरों पर दर्ज की जा सकती है। यह कंट्रोल रूम 24 घंटे कार्यरत रहेगा। कंट्रोल रूम का प्रभारी डिप्टी कलेक्टर सुश्री किरण आंजना को बनाया गया है।

## निर्वाचन कंट्रोल रूम स्थापित

**नीमच, 11 अक्टूबर 2023,** विधानसभा निर्वाचन-2023 के तहत सूचनाओं के आदान प्रदान के लिए विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-228 मनासा में तहसील स्तरीय कंट्रोल रूम, तहसील कार्यालय मनासा में स्थापित किया गया है। जिसका दूरभाष क्रमांक-07421-242058 है। कन्ट्रोल रूम नोडल अधिकारी नायब तहसीलदार कुकडेश्वर श्री नवीन छलोत्रे है।

## नाम निर्देशन हेतु नॉमिनेशन टीम का प्रशिक्षण आज

**नीमच, 11 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीमच ने बताया, कि 12 अक्टूबर 2023 गुरूवार को दोपहर 2 बजे से कलेक्ट र सभाकक्ष नीमच में नाम निर्देश प्रक्रिया के संबंध में समस्तु आरओ, ए.आर.ओ., एईजीएम एवं नाम निर्देश के लिए गठित आर.ओ. की टीम का प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। सभी संबंधितों को इस प्रशिक्षण में उपस्थित होने के निर्देश दिए गये है।



# पिछड़ा वर्ग की सूची में दामोदर दर्जी करने के मसौदे पर लगी मुहर, फैसला आना बाकी

## विगत दिनों भोपाल में आयोजित हुई राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की जन सुनवाई में समाज की पहल को मिला समर्थन

**मंदसौर, 11 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** पिछड़ा वर्ग आयोग की सूची में क्र. 19 दशाई गई दर्जी जाति के कॉलम में जल्द ही दामोदर दर्जी को जोड़ा जाएगा। इसके लिए राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने अखिल भारतीय दामोदर वंशीय जूना गुजराती दर्जी समाज के मसौदे को सही माना है और उस पर मुहर लगा दी है, अब इंतजार सिर्फ फैसले के आने का है। बता दें कि मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में विगत दिनों आयोजित राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की जनसुनवाई में दामोदर वंशीय जूना गुजराती दर्जी समाज के पूर्व ट्रस्टी एवं सम्पादक अनमोल ज्ञान सुरेश परमार एवं श्री टेकचंदजी महाराज कड़छा ट्रस्ट की ओर उपस्थित प्रतिनिधिमण्डल ने आयोग के समक्ष दामोदर दर्जी को राज्य और केन्द्र की पिछड़ा वर्ग सूची में नाम जोड़ने हेतु ज्ञापन प्रस्तुत किया। जनसुनवाई में उपस्थित राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष समेत अन्य पदाधिकारियों ने ट्रस्ट की वर्षों से लंबित इस मुहिम पर सहमति जताई है और जल्द ही दामोदर दर्जी का नाम पिछड़ा वर्ग की सूची में जोड़े जाने की सैद्धांतिक सहमति दी है, अब केन्द्र की ओर से इस पर फैसला आना बाकी है।

दर्जी समाज उत्थान सेवा समिति जिला मंदसौर के सचिव शिव शंकर सोलंकी ने बताया कि वर्ष 2014 से समाज की मांग थी की अन्य पिछड़ा वर्ग की मध्य प्रदेश की अन्य पिछड़ा वर्ग की सूची क्रमांक 19 पर दर्शाए गए दर्जी के कॉलम में नामदेव छिपा, छिपी, शिवी, मावी के साथ-साथ दामोदर दर्जी का नाम भी शामिल किया जाए और साथ ही केंद्र की राष्ट्रीय सूची में भी यह नाम शामिल होना चाहिए इस पहल के लिए अनमोल ज्ञान एवं ट्रस्ट के पूर्व पदाधिकारी सुरेश परमार द्वारा अथक प्रयास किए गए जिसका नतीजा 30 सितंबर की हुई जनसुनवाई में देखने को मिला। अब ऐसी आशा व्यक्त की जा रही है की राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग द्वारा इस मसौदे पर गंभीरता पूर्वक विचार किया जाएगा और दामोदर वंशीय जूना गुजराती दर्जी समाज के समाजबंधुओं के हित में नाम पृथक से दामोदर दर्जी के रूप में जोड़ा जाएगा। माज हित में इस महत्वपूर्ण कार्य की रूप रेखा तैयार करने वाले समाज चिंतक एवं सामाजिक समाचार पत्र अनमोल ज्ञान के प्रबंध संपादक एवं गुरु टेकचंद जी धाम कडछा ट्रस्ट के पूर्व ट्रस्टी सुरेश परमार इंदौर एवं समस्त जागरूक जनों को दर्जी समाज उत्थान सेवा समिति जिला मंदसौर दिनेश पेंटर दिनेश देवड़ा, शिव शंकर सोलंकी, राजेश परमार नगरी, राकेश गहलोत, विनोद सोलंकी मंदसौर, संदीप हतुनिया, श्याम दलावदा, दिनेश डाबी शामगढ़, विनोद सोलंकी सुवासरा, भूपेंद्र देवड़ा, विनोद परमार, पंकज दीपा खेड़ा, सुरेश सोलंकी बैलारा सहित अन्य कई समाज जनों ने बधाई शुभकामनाएं दी।

# वैक्टर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग ने दी सलाह

**नीमच, 11 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** वर्तमान मौसम मच्छर उत्पत्ति के अनुकूल होने के कारण मच्छर जनित बीमारियॉ यथा मलेरिया, डेंगू के प्रकरणों में वृद्धि परिलक्षित हुई है। मच्छर जनित बीमारियों से बचाव के लिए मच्छर की उत्पत्ति रोकना एवं मच्छर के काटने से बचाव अति आवश्यिक है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.एस.एस.बघेल ने वेक्टर जनित रोगो से बचाव की सलाह देते हुए बताया, कि मलेरिया बीमारी के मुख्य लक्षण सर्दी व कंपन के साथ बुखार, ते बुखार उल्टियॉ और सिरदर्द, पसीना आकर बुखार उतरना, बुखार उतरने के बाद थकावट व कमजोरी होना इत्यादि है। डेंगू के मुख्य लक्षण अकस्मात तेज सिर दर्द व बुखार का होना, मांसपेशियों तथा जोडों में दर्द होना, ऑखों के पीछे दर्द होना, जो कि ऑखों के घुमाने से बढ़ता है, जी मिचलाना एवं उल्टी होना, गंभीर मामलों में नाक, मुंह, मसूडों से खून आना अथवा त्वचा पर चकत्ते उभरना इत्यादि है। बुखार आने पर आषा कार्यकर्ता या नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर सम्पर्क कर मलेरिया की जॉच अवश्य करावे। मलेरिया जॉच पॉजिटीव आने पर पूर्ण उपचार ले, खाली पेट कदापि न लें। डेंगू की जॉच जिला चिकित्सालय में नि:शुल्क उपलब्ध है। डेंगू पाये जाने पर बुखार उतारने के लिए केवल पैरासिटामोल ले सकते है। एस्प्रीन या इबुब्रेफेन का उपयोग ना करे। डॉक्टर की सलाह से उपचार प्राप्त करे।

मच्छर अक्सर कूलर, पानी की टंकी, पक्षियों के पीने के पानी का बर्तन, फ्रिज की ट्रे, फूलदान, नारियल का खोल, टूटे हुए बर्तन व टायर में रूके हुए साफ पानी में तथा नालियों के रूके हुए पानी में पनपते है। अत: अपने घर के आसपास पानी के गढ्डों को मिट्टी से भर दे। पानी से भरे रहने वाले स्थानों पर मिट्टी का तेल या जला हुआ इंजन ऑयल डाले। घर व आसपास अनुपयोगी सामग्री में पानी जमा न होने दे। पानी के उपयोग के बर्तन, सामग्री इत्यादि सप्ताह में एक बार साफ करके सुखाकर फिर उपयोग करे। मच्छर के काटने से बचने के लिए सांय में घर में नीम की पत्तियों का धुआ करे। सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करे। ऐसे कपडे पहने जो बदन को पूरी तरह ढंके।

## नीमच में मतदाता जागरूकता रथ ने किया मतदाताओं को जागरूक

**नीमच, 11 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत जिले में कलेक्ट्र एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन के मार्गदर्शन एवं स्वीनप नोडल अधिकारी जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत नगरपालिका कार्यालय नीमच में बुधवार को मतदाता जागरूकता रैली आयोजित की गई। परियोजना अधिकारी शहरी विकास श्री राजेश शाह एवं सीएमओ श्री महेन्द्रो वशिष्ठ्य ने हरी झण्डी दिखाकर न.पा.से मतदाता जागरूकता रैली को रवाना किया। यह जागरूकता रैली न.पा. परिसर से विजय टॉकिज, भारत माता चौराहा, जाजु बिल्डींग, पुस्तशक बाजार होते हुए पुन: नगरपालिका परिषद पहुंचकर रैली का समापन हुआ। रैली में न.पा.व्दापरा तैयार करवाये गये मतदाता जागरूकता रथ ने भी भ्रमण कर मतदाताओं को आगामी विधानसभा निर्वाचन में मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

## रंगोली प्रतियोगिता के माध्यम से किया जा रहा मतदाताओं को जागरूक

**मंदसौर, 11 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** विधानसभा निर्वाचन 2023 कें अंतर्गत स्वीप गतिविधियों के तहत जिले में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसके लिये महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वाधान में मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जा रहे हैं। इसके अंतर्गत गांव गांव में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। महिलाएं रंगोली बनाकर संदेश के रूप में हम सब वोट करेंगे, वोट देंगे। इस प्रकार के संदेश भी लिख रही है। यह कार्य महिला बाल विकास विभाग के माध्यम से आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के द्वारा किया जा रहा है। इस कार्य में मतदाताओं के द्वारा भी विशेष रूचि ली जा रही है। साथ ही सभी लोग आपस में जागृत हो रही रहे हैं, और अन्य लोगों को भी जागरूक कर रहे हैं।



## मतदाता जागरूकता हेतु डाईट में रंगोली बनाई

**नीमच, 11 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** आगामी विधानसभा चुनाव 2023 कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन के मार्गदर्शन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत व जिला नोडल अधिकारी मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप) श्री गुरुप्रसाद के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान नीमच के प्रशिक्षुओं द्वारा मतदाता जागरुकता रंगोली बनाई गई। महिला प्रशिक्षुओं के साथ साथ पुरुष वर्ग ने भी उत्साह के साथ रंगोली बनाने में भाग लिया। प्रशिक्षुओं द्वारा मानव श्रृंखला भी निर्मित की गई। प्रशिक्षुओं द्वारा मतदाता जागरूकता की शपथ भी ली गई एवं संकल्प पत्र भरे गए। कार्यक्रम प्राचार्य श्री चन्द्र प्रकाश शर्मा, श्रीमती इंदिरा लुहार भी उपस्थित थी।

# विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत सिंगल विंडो सिस्टम का प्रशिक्षण सम्पन्न

**मंदसौर, 11 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** विधानसभा निर्वाचान 2023 के अन्तर्गत जिला पंचायत मीटिंग हॉल में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। उक्त प्रशिक्षण डॉ.जे.के. जैन एवं श्री किशोर सिंह तौमर ने दिया। प्रशिक्षण में बताया गया कि विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत सिंगल विंडो सिस्टम अनुमति एवं निराकरण हेतु स्थापित किया जायेगा जो की सभी विकासखण्ड स्तर पर अलग से एक रूम निर्धारित किया जायेगा। सिंगल विंडो के संचालन हेतु सात सदस्यो की टीम बनाई जाये जिसमें नोडल अधिकारी एवं अन्य सहायक अधिकारी/ कर्मचारी तैनात रहेगे। डॉ.जे.के.जैन एवं श्री किशोर सिंह तौमर ने बताया कि प्रत्याक्षी को अनुमति एवं निराकरण हेतु सुविधा एप भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित किया गया है। जिसमें प्रत्याक्षी ऑनलॉइन अनुमति हेतु आवेदन कर सकता है। प्रत्याक्षी को अनुमति एवं निराकरण हेतु 24 घंटे पूर्व आवेदन करना होगा।

### निर्वाचन के लिए अधिग्राहित वाहन उपलब्ध नही कराने पर...

# पांच अधिकारियों को कारण बताओं सूचना पत्र जारी

**नीमच, 11 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** विधानसभा निर्वाचन-2023 के कार्यालयीन आदेश क्रं./भा.निर्वा./ 2023स/1277 नीमच, दिनांक एक अक्टूबर 2023 से विधानसभा क्षैत्र क्रंमाक-228 मनासा, 229 नीमच एवं 230 जावद के लिए नियुक्त सेक्टर अधिकारियों के 4 अक्टूनबर 2023 को निर्धारित सेक्टकर भ्रमण के लिए शासकीय वाहनों का अधिग्रहण किया जाकर, प्रात: 8 बजे वाहन मय ईधन के फुल टैंक एवं वाहन चालक सहित वाहन जिला निर्वाचन कार्यालय को अनिवार्य रूप से उपलब्धं कराने के लिए निर्देशित किया गया था। निर्देश उपरांत भी पॉच अधिकारियों द्वारा अपने विभाग के वाहन नियत तिथि एवं समय पर उपलब्ध नही कराए गए।

उक्त् स्थिति में सेक्टर अधिकारियों को मतदान केन्द्रों तक जाने में अत्यधिक विलम्ब हुआ, निर्वाचन के महत्वपूर्ण कार्य में अनावश्यक व्यवधान उत्पन्न हुआ, कार्यालय की वाहन व्यवस्था प्रभावित हुई तथा आठ अतिरिक्तं निजी वाहनों से सेक्टर अधिकारियों का भ्रमण पूर्ण करवाया जाकर, उनको अतिरिक्त किराया राशि का भुगतान करना पडा। कलेक्टर एंव जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नीमच, परियोजना अधिकारी महिला एंव बाल विकास रतनगढ व रामपुरा, जिला आबकारी अधिकारी नीमच, जिला परियोजना प्रबंधक एनआरएलएम जिला पंचायत नीमच को कारण बताओं सूचना पत्र जारी कर, कहा है कि उनका उक्त कृत्यो निर्वाचन कर्तव्यों के निर्वहन में घोर लापरवाही एंव अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है। उक्त कृत्य के फलस्वववरूप क्यों न उनके विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्वश अधिनियम-1951 की धारा-167 के अधीन योग्य वैधानिक कार्यवाही की जावे? उक्त संबंध में संबंधितों को अपना स्पष्टीकरण इस कारण बताओं सूचना पत्र की प्राप्ति से तीन दिवस की समय सीमा में जिला निर्वाचन कार्यालय को अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये है। अनुपस्थित अथवा स्प्ष्टीयकरण प्रस्तुत न करने की दशा में संबंधित के विरूद्ध एक पक्षीय वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।



# कलेक्टर ने किया क्रिटीकल मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

## मतदाताओं से चर्चा कर, निर्भिक होकर मतदान करने की दी समझाईश

**नीमच, 11 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने अतिरिक्ति पुलिस अधीक्षक श्री नवलसिंह सिसौदिया, एसडीएम श्री पवन बारिया व अन्य अधिकारियो के साथ मनासा क्षेत्र के क्रिटीकल मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर मतदाताओं से चर्चा कर, उनसे निर्भिक होकर मतदान करने की समझाईश दी। कलेक्टर श्री जैन ने बुधवार को मनासा विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्र क्रं.61 शिवपुरी धर्मशाला पूर्बिया मोहल्ला मनासा एवं मतदान केन्द्र क्रं.62 सामुदायिक भवन पूर्बिया मोहल्ला मनासा का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने पूर्बिया मोहल्ले में मतदाता राकेश व बाबूलाल के परिवारजनों से चर्चा कर, उनसे विधानसभा निर्वाचन 2023 में निर्भिक होकर मतदान करने की समझाईश दी।

कलेक्टर श्री जैन ने एसडीएम को निर्देश दिए, कि वे श्री बाबूलाल एवं राकेश के परिजनों के साथ जमीन विवाद का निपटारा करें, और जमीन विवाद को लेकर राकेश व बाबूलाल के परिवारजनों को धमकाने वालों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने करें। कलेक्टर ने पूर्बिया मोहल्ले में आगंनवाडी केन्द्र का निरीक्षण कर, बच्चों को प्रदाय किए जा रहे, भोजन की गुणवत्ता की जानकारी ली। उन्हो्ने आंगनवाडी केन्द्रर में बच्चों की सख्या उपस्थिति के बारे में भी पूछा। कलेक्टर ने पूर्बिया मोहल्ले में धरमपुरी धर्मशाला में स्थापित मतदान केन्द्र भवन को दुरूस्त करवाने के निर्देश भी दिए। इस भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्री जैन ने शा.उ.मा.वि. पड्दा में स्थापित मतदान केन्द्र केमांग 25, शा प्रा विद्यालय भाटखेडी में स्थापित मतदान केन्द्र क्रमांक-42, शासकीय हाईस्कूल भाटखेडी में मतदान केन्द्रि क्रमांक-43, 44, 45 एवं 46 का निरीक्षण कर मतदान केन्द्रों में उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया तथा उपस्थित मतदाताओं से चर्चा कर, उन्हे मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 203 | 1550 | 2300 |
| उडद | 151 | 5481 | 9501 |
| सोयाबीन | 6295 | 3350 | 4601 |
| गैहु | 3515 | 2440 | 3100 |
| चना | 83 | 5380 | 6601 |
| मसुर | 393 | 4942 | 6195 |
| धनिया | 385 | 6000 | 7199 |
| लहसुन | 17000 | 6500 | 16000 |
| मैथी | 757 | 5800 | 7377 |
| अलसी | 1634 | 4400 | 4961 |
| सरसो | 196 | 4780 | 5131 |
| तारामीरा | 00 | 00 | 00 |
| इसबगोल | 17 | 14552 | 20400 |
| प्याज | 2495 | 551 | 1980 |
| कलोंजी | 32 | 10400 | 16421 |
| डॉलर | 13 | 6901 | 14581 |
| तिल्ली | 12 | 14800 | 15623 |
| मटरसुखी | 30 | 2153 | 3464 |
| असालीया | 1 | 8451 | 8451 |



### आवारा मवेशियों को लेकर न्यायालय में हुई सुनवाई...

# कोर्ट ने सख्त लहजे में कहा कि एक सप्ताह में मवेशी हटाकर दस्तावेज पेश करें

**मंदसौर, 11 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** जनहित से जुड़े सडको पर घुमते हुए आवारा मवेशीया को लेकर मुख्य नगर - पालिक अधिकारी मंदसौर के खिलाफ पेश अवमानना याचिका को लेकर बुधवार को नगर पालिका ने अपना जवाब न्यायालय में पेश कर पूर्व में की गई कार्यवाही को लेकर दस्तावेज पेश किये। विनोद सालवी अधिवक्ता द्वारा जनलोक उपयोगी अदालत प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायालय मंदसौर के आदेश दिनांक 26.05.2018 का पालन करवाए जाने हेतु सडको पर घुमने वाले आवारा मवेशी हटाने बाबत् कोर्ट में अवमानना याचिका पेश की है न्यायालय के आदेश पालन में मुख्य नगर पालिका मंदसौर को आदेश की कॉपी सहित दिनांक 20.07.2023 को पालन करने हेतु अधिवक्ता विनोद सालवी ने आवेदन दिया था जिस पर नगर पालिका ने नाममात्र मवेशीयो को पकड़कर खाना पूर्ति की थी। जिस पर अधिवक्ता ने न्यायालय में अवमानना याचिका पेश की थी जिस पर बुधवार को मुख्य नगर पालिका अधिकारी मंदसौर को जवाब पेश करना था अधिवक्ता विनोद सालवी ने सुनवाई के दौरान बुधवार को आवारा मवेशी के फोटो ग्राफ एवं अधिवक्ता अजय सिखवाल एवं अधिवक्ता सुरेन्द्रसिंह सिसौदिया के आवारा मवेशी सडको पर घुमने एवं बेठने के संबंध में शपथ पत्र मय फोटो ग्राफ सहित पेश किये है। जिस पर बुधवार को मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा जवाब पेश किया। जिस पर कोर्ट ने नगर पालिका के अधिवक्ता को सख्त लहजे में कहा कि मुख्य नगर पालिका अधिकारी एक सप्ताह में सडको पर घुमने वाले आवारा मवेशीयो को हटाकर दिनांक 18 अक्टूबर 2023 को न्यायालय में रिपोर्ट व दस्तावेज पेश करे, अन्यथा कोर्ट की कार्यवाही के लिये संबंधित अधिकारी तैयार रहे।

## कलेक्टर ने आठ आदतन बदमाशो को किया जिलाबदर

**मंदसौर, 11 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री दिलीप कुमार यादव द्वारा म.प्र.राज्य लोक शांति एवं सुरक्षा की दृष्टि से सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5(क)(ख) के तहत आठ आदतन अपराधी दिनेश पिता गेंदमल बावरी निवासी हरमाला, रामनिवास पिता नानूराम सूर्यवंशी निवासी नैनोरा, राहुल पिता गोपीलाल बावरी निवासी सोंकड़ी, लाडूनाथ उर्फ कालूनाथ पिता वक्?तानाथ निवासी रणायरा, वाहिद उर्फ भय्यू पिता बाबरखॉ पठान निवासी सूरजनी, शानू उर्फ शाहनवाज पिता जमीलखॉ पठान निवासी नाटाराम, सत्यनारायण पिता बगदीराम भोई निवासी सरस्वती नगर बड़ी पुल के पास मंदसौर एवं तूफानसिंह पिता उदयसिंह निवासी बर्डियाउँच्चा जिला मंदसौर को जिलाबदर करने का आदेश जारी किया है। कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव ने आदेशित किया है, कि ये जिला बदर अवधि में मंदसौर जिले की राजस्व सीमा के साथ ही नीमच, रतलाम, उज्जैन, आगर मालवा एवं शाजापुर जिले की राजस्व सीमा में बगैर अनुमति के प्रवेश नहीं कर सकेगा।

## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल की सजा

**मंदसौर, 11 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** विशेष न्यायधीश पॉक्सो एक्ट मंदसौर द्वारा आरोपी ओमप्रकाश पिता मोहनलाल मेघवाल उम्र 25साल निवासी मंडिया सदर पाली राजस्थान को नाबालिग पीड़िता के साथ दुष्कर्म करने के अपराध में दोषी पाते हुए 20 वर्ष का सश्रम कारावास और अर्थदण्ड से दण्डित किया।



अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी दीपक जमरा द्वारा यह जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि पीड़िता के पिता द्वारा थाना अफजलपुर पर उसकी लड़की को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर ले जाने की शंका जाहिर करते हुए रिपोर्ट लिखाई। पुलिस द्वारा गुमशुदगी रिपोर्ट लेखबद्ध कर अनुसंधान किया गया। विवेचना के दौरान 02 जून 2022 को पीड़िता को अभियुक्त ओमप्रकाश के कब्जे से ग्राम मण्डिया थाना सदर पाली राजस्थान से दस्तयाब कर उसके कथन लिये गए। पीडिता ने अपने कथनों में अभियुक्त ओमप्रकाश द्वारा उसे बार-बार फोन करके बहला फुसलाकर शादी का झांसा देकर अपने साथ ले जाना और उसके साथ कई बार गलत काम(दुष्कर्म) करना बताया। जिस पर से अभियुक्त के विरूद्ध धारा 354(डी), 366, 376(2)(एन) भादवि एवं पॉक्सो तथा एससी-एसटी की धाराओं का इजाफा किया गया। बाद संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय ने अभियोजन द्वारा रखे गये तथ्यों एवं तर्कों र्से सहमत होकर आरोपी को दोषसिद्ध किया। प्रकरण में अभियोजन का संचालन विशेष लोक अभियोजक श्रीमती दीप्ति कनासे द्वारा किया गया।

## राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का जिला स्तरीय आयोजन कल

**मंदसौर, 11 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का जिला स्तरीय आयोजन 13 अक्टूबर को प्रात: 11 से शास बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्र. 2 मंदसौर में होगा।

उक्त जानकारी देते हुए शास बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्र. 2 मंदसौर के प्राचार्य धर्मपालसिंह देवड़ा ने बताया कि भारत सरकार की राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का आयोजन प्रति वर्ष पूरे देश में किया जाता है बच्चों के लिए आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में 10 से 14 वर्ष के बच्चे जूनियर वर्ग में एवं 14 से 17 साल के बीच के बच्चे सीनियर वर्ग में स्थानीय समस्या पर अपने शोध पत्र प्रस्तुत करने है। एक प्रोजेक्ट या परियोजना को पूरा करने के लिए एक छात्र ग्रुप लीडर एवं दूसरा छात्र मेंबर के रूप में कार्य करता है तथा शिक्षक मार्गदर्शक की भूमिका में रहते हैं।यह आयोजन जिला,राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होता है। इसमें जिले से चुनी हुई पांच श्रेष्ठ परियोजनाओं को राज्य स्तर एवं उसके पश्चात राष्ट्रीय स्तर आमंत्रित किया जाता है। इस वर्ष बाल विज्ञान कांग्रेस का मुख्य विषय- स्वास्थ्य और कल्याण के लिए पारतंत्र को समझना हैं इससे जुडे हुए उप विषयों पर छात्र-छात्राएं अपने मार्गदर्शन शिक्षक के साथ उपस्थित होकर परियोजना प्रस्तुत कर सकते हैं। इस वर्ष जिला स्तरीय आयोजन शा. सरदार वल्लभभाई पटेल बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्र. 2 मंदसौर में आयोजित होगा। उक्त जानकारी जिला सह समन्वयक पंकज कुमार पंवार ने दी।

### मजदूर की उंगलिया कटी... पेज 1 से जारी

मिश्रा ने जांच में पाया कि गुराडिया देदा स्थित बालाजी प्लास्टिक फैक्ट्री में प्लास्टिक के दाने बनाए जाते हैं। फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूरों को सुरक्षा उपकरण संसाधन उपलब्ध नहीं करवाए जाने से मजदूर के हाथों की पांचो उंगलियां मशीन में आने से कट गई थी। जांच में फैक्ट्री मालिक की लापरवाही सामने आने के बाद पुलिस ने संचालक दिलीप दुबे के खिलाफ आईपीसी की धारा 288, 338 के तहत प्रकरण दर्ज किया। इसमें आरोप सिद्ध होने पर छह माह की सजा और जुर्माने का प्रावधान है।

# सुरजेवाला की व्यूह रचना कांग्रेस को जीता पाएगी..!

**मंदसौर/उज्जैन, 11 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश कांग्रेस प्रभारी रणदीप सुरजेवाला जब से प्रदेश प्रभारी बने हैं। तभी से विलुप्त हो चुके कांग्रेसियों को संग्रहित कर कांग्रेस को मजबूत करने के प्रयास कर रहे हैं। ऐसा होना प्रदेश कांग्रेस के लिए बड़ा उपहार होगा कि बीते समय के उपेक्षित और विलुप्त हो चुके कांग्रेस के जनाधार वाले नेताओं का संग्रहण हो जाए। सुरजेवाला अगर मध्य प्रदेश प्रभारी रहते ऐसे सभी नेताओं को चुनकर संग्रहित कर जीवंत माला में पिरो पाए तो कहा जा सकता है कि विधानसभा चुनाव की आधी बाजी कांग्रेस जीत चुकी है।

दरअसल कांग्रेस के प्रत्येक राज्य के यही हालात हैं कहीं नई खेप को उपजने ही नहीं दिया गया तो कहीं नई खेप ने संगठन पर ऐसा कब्जा जमाया की वरिष्ठ नेताओ को संन्यास दिलवा दिया। जबकि, किसी भी संगठन का सफल संचालन अनुभव और युवा शक्ति के एक साथ होने पर ही नतीजा दे पाता है। रणदीप सुरजेवाला उम्र दराज तो नहीं कहे जा सकते पर युवावस्था से कांग्रेस में बड़ी और गंभीर जिम्मेदारियां निभाते आ रहे हैं। इसलिए कम उम्र में अधिक अनुभव पाकर सांगठनिक दक्षता में माहिर हो चुके हैं। इसी महारत के कारण यह माना जा रहा है कि सुरजेवाला की व्यूह रचना मध्य प्रदेश कांग्रेस के लिए लैंडमार्क की तरह चिन्हित की जाएगी।



चन्द्रमोहन भगत

मध्य प्रदेश की राजनीति में रुचि रखने वाले प्रदेश के स्थानीय कांग्रेसियों के इस चुनाव के पहले के अनुभव मायने रखते हैं। ऐसे ही नेताओं में से अजय सिंह, सुरेश पचौरी, अरुण यादव, बाला बच्चन, विजयलक्ष्मी साधु, डॉ बटूक शंकर जोशी, नर्मदा प्रसाद प्रजापति, कमलेश्वर पटेल आदि को साथ लेकर मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के हर क्षेत्र के उर्जावान नेताओं को मिलाकर जीत के रचनाकारों की टीम बना चुके हैं। इन्हीं नेताओं में से बीच समय के दरम्यान कई नेता उपेक्षित रहे हैं। इन्हें फिर से समझाया जाकर सुरजेवाला ने अपनी टीम में संजोया है। सुरजेवाला इन उपेक्षित रहे कांग्रेस नेताओं में समन्वय बिठाकर काम पर लगा सके तो प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाने के अवसर बहुत मजबूत हो जाएंगे। इसके उलट प्रदेश कांग्रेस को जानने वालों का दावा है कि सुरजेवाला लंबे समय तक सभी को एक सूत्र में बांधे नहीं रख सकेंगे।

पर, यह भी तय है कि अगर इन प्रयासों से प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बन जाती है तो वह पहले की सरकार की तरह बगावत से टूटेगी नहीं। जैसे की घरों में एक अनुभवी बुजुर्ग होने से घर के सदस्यों में संतुलन बना रहने के कारण घर टूटता नहीं है। कुछ ऐसे ही प्रयास सुरजेवाला करते नजर आ रहे हैं। अपने ही जन आधार वाले अनुभवियों का संग्रह करना, इसलिए आवश्यक हो गया है कि पिछले 20 सालों में कांग्रेस में आपसी समन्वय लगातार कम होता गया है। गुट तो पहले भी थे, अब भी हैं, लेकिन सभी अपने साम्राज्य के साथ कांग्रेस संगठन के वर्चस्व को बनाए रखते थे। इधर लगातार विपक्ष में रहते फिर केंद्र से भी सत्ता से कांग्रेस बाहर हुई, तब समन्वय दरकना शुरू हुआ वह भी ऐसा विकराल हुआ कि मध्य प्रदेश की बनी हुई सरकार को ढहा दिया। अगर वरिष्ठ और अनुभवियों का सानिध्य और दखल कांग्रेस में सम्मानजनक बना रहता तो मतभेद भले ही चलते रहते, किन्तु अपनी ही सरकार गिरने नहीं देते। दरअसल कमलनाथ केंद्रीय मंत्री बनते रहे और अपना गुट भी चलाते रहे। तब नेतृत्व क्षमता और अनुभव का अभाव था। सिर्फ अपना गुट चलाने के लिए सांगठनिक अनुभव क्षमता की जरूरत ही नहीं पड़ती है। इनके प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रहते सरकार बन गई तो उसे भी अपने गुट के नजरिए से संचालित करते रहे। सांगठनिक अनुभव की कमी के कारण सिंधिया की बगावत की उत्पत्ति को भी समझ नहीं पाए। जब समझे तब तक स्थिति विस्फोटक हो गई थी। सत्ता के लिए कांग्रेस ये चुनाव हल्दीघाटी के युद्ध की तरह लड़ रही है। हारे तो मध्य प्रदेश में सब कुछ खो देंगे, जीते तो बादशाहत कायम करेंगे। बहरहाल प्रदेश प्रभारी रणदीप सुरजेवाला ओल्ड इस गोल्ड को उनकी ऊर्जा सहित संग्रहित करने में सफल होते नजर आ रहे हैं। ऐसे में सभी अपनी ताकत से इस चुनाव में भीड़ गए तो भाजपा से जनमत की नाराजगी को कांग्रेस के लिए अधिक मत और सीटों के अंतर से भुना सकेंगे।

## मतदाता जागरुकता अभियान अंतर्गत प्रतियोगिताएं सम्पन्न

**मंदसौर, 11 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय कन्या महाविद्यालय, मंदसौर के प्राचार्य डा.उमा गगरानी ने बताया कि मतदाता जागरूकता अभियान के तहत महाविद्यालय में क्विज प्रतियोगिता , स्लोगन राइटिंग , पोस्टर निर्माण , रंगोली, मेहंदी आयोजित की गई है । प्रतियोगिताओ प्रारम्भ होनेसे पूर्व अभियान के नोडल अधिकारी डा निरंजन गंगवाल द्वारा फॉर्म क्र 6,7,8 एवम ई वी एम मशीन की सम्पूर्ण जानकारी छात्राओ को दी गयी।

क्विज प्रतियोगिता में क्रमश: प्रथम ,द्वितीय,तृतीय स्थान पूजा पाटीदार बीएससी द्वितीय वर्ष जयश्री पाटीदार बीकॉम द्वितीय वर्ष एवं निष्ठा शर्मा एम ए तृतीय सेम ने प्राप्त किया मेहँदी प्रतियोगीतामेंक्रमश: प्रथम ,द्वितीय, तृतीय स्थान ज्योति सोनी तृतीय वर्ष सलोनी सोनी बीएससीप्रथमवर्षएवं गिरिजा परमार बी ए प्रथम वर्ष ने प्राप्त किया। स्लोगन प्रतियोगिता मेंक्रमश: प्रथम , द्वितीय, तृतीय स्थान रवीना कुंवर बीएससी प्रथम वर्ष निष्ठा शर्मा



एम ए तृतीय सेम एवं जयश्री पाटीदार बीकॉम द्वितीय वर्ष ने प्राप्त कियों रंगोली प्रतियोगिता में क्रमश: प्रथम,द्वितीयएवं तृतीय स्थानबीए प्रथम वर्ष की छात्राओं काजल, नीमा एवं आराधना ने प्राप्त किया। साथ ही स्थानीय भाषा में मतदाता जागरूकता गीत प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ज्योति सोनी बीए तृतीय वर्ष ने प्राप्त किया। विभिन्न प्रतियोगिता के संयोजक डॉ राजश्री ठाकुर , डॉ शीला आर्य , श्री कांतिलाल कुमावत, डॉ अखलाक मंसूरी , सुश्री नोरीन कुरैशी , डॉस्मितामंडलोई , डॉ प्रीतिमुरडिया , डॉ अनुराग आर्य , डॉ माया अग्रवाल द्वारा प्रतियोगिताए आयोजित कीगई। कार्यक्रम में समस्त स्टाफ एवं छात्राए उपस्थित रहें कार्यक्रम का संयोजन डॉ अख़लाक़ मंसूरी के द्वारा किया गया।

## जिला धार्मिक उत्सव समिति व्दारा मां अम्बे की तस्वीरों का होगा नि:शुल्क वितरण

**मंदसौर, 11 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** प्रतिवर्षा अनुसार इस वर्ष भी जिला धार्मिक उत्सव समिति के द्वारा नवरात्रि के महापर्व पर मॉ अम्बे की तस्वीरों का निशुल्क वितरण नवरात्रि के प्रथम दिवस 15 अक्टूबर को किया जायेगा। जिला धार्मिक उत्सव समिति के जिला अध्यक्ष सुभाष गुप्ता व संयोजक वरदीचंद कुमावत ने बताया कि नवरात्रि के प्रथम दिवस 15 अक्टूबर को प्रात: 9 बजे गांधी चौराहा स्थित श्री विश्वपति शिवालय पर अतिथिगणों की उपस्थिति में तस्वीरों का वितरण किया जायेगा, जो भी गरबा मण्डल मॉ अम्म्बे क तस्वीर (बड़ी साईज) की लेना चाहते है, वे 13 अक्टूबर की शाम तक जिला अध्यक्ष व जिला संयोजक को अवगत करा देवे।

श्री गुप्ता व श्री कुमावत ने बताया कि जिन गरबा मण्डल के पदाधिकारियों से अनुरोध है कि जिन महानुभाओं को तस्वीर प्राप्त करना हो वे दूरभाष क्रमांक 8319654305, 9893675622 पर 13 अक्टूबर तक सूचित कर सकते है। इस अवसर पर नवरात्रि पर्व को हर्षोल्लास से मनाने पर चर्चा की जायेगी। आपने बताया कि सनातन धर्म की आस्था अनुसार मॉ अम्बे की तस्वीर का उपयोग विवेकपूर्ण रूप से करें। रसीद बुक, बैनर, पोस्टर पर माताजी की फोटों नहीं लगावे।

## मारपीट में आई चोंटे, 2 पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 11 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** मारपीट के मामले में जांच के बाद पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया। पिपलिया महावीरगंज निवासी राजेश पिता हरीचन्द गुर्जर ने पिपलिया थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि 2 अक्टूबर 2023 को रात्रि में 12 बजे घर जा रहा था। इसी दौरान टोपी गिरने से मैं रुका। तो भूरिया पिता अशोक गुर्जर व लाला पिता राधेश्याम गुर्जर आए और बोले कि मेरे घर का दरवाजा क्यों खटखटाया। कहकर गाली-गलौज की व मारपीट की। मुझे घायलावस्था में मंदसौर जिला अस्पताल भर्ती कराया। जांच में राजेश के चोंटे आने के बाद मेडीकल रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने मंगलवार को दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 323, 294, 506, 34 में प्रकरण दर्ज किया।

## 30 लीटर शराब के साथ तीन को पकड़ा

**पिपलियामंडी, 11 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने 30 लीटर हाथ भट्टी कच्ची अवैध शराब के साथ 3 आरोपियों को पकड़ा। पिपलियामंडी पुलिस ने 15 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब के साथ इन्द्रा कॉलोनी, मंदसौर निवासी सुनील पिता शांतिलाल मेघवाल को, नारायणगढ़ पुलिस ने 10 लिटर हाथ भट्टी कच्ची शराब के साथ पर्वतसिंह पिता रतनसिंह सौंधिया राजपूत को, मल्हारगढ़ पुलिस ने 5 लिटर हाथ भट्टी कच्ची शराब के साथ प्रकाश पिता भंवरलाल राठौर को पकड़ा। आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट में केस दर्ज किया।



## जोशीमठ: शीतकाल के लिए बंद हुए हेमकुंड साहिब के कपाट

**जोशीमठ, 11 अक्टूबर।** विश्व प्रसिद्ध हेमकुंड साहिब और लक्ष्मण लोकपाल मंदिर के कपाट आज शीतकाल के लिए बंद हो गए हैं। कपाट दोपहर डेढ़ बजे शुभ मुहूर्त में बंद किए गए। इस पावन अवसर के साक्षी बनने के लिए करीब दो हजार से ज्यादा तीर्थयात्री हेमकुंड पहुंचे। इस दौरान श्रद्धालुओं ने जो बोले सो निहाल के जयकारे लगाए। इस साल हेमकुंड साहिब में 176015 तीर्थयात्रियों ने मत्था टेका।

**बर्फबारी के बाद मौसम हुआ सुहावना-**चमोली जनपद में मंगलवार को ऊंची चोटियों पर हुई बर्फबारी के बाद आज बुधवार को सुबह से चटक धूप खिली हुई है। हेमकुंड साहिब के साथ ही बदरीनाथ और केदारनाथ धाम में भी मौसम सुहावना हो गया है। वहीं, ठंड भी बढने लगी है।

**दशहरा पर तय होगी बदरीनाथ धाम के कपाट बंद होने की तिथि-** बदरीनाथ धाम में प्रतिदिन 10 हजार से अधिक तीर्थयात्री दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। 24 अक्तूबर को विजयादशमी के दिन बदरीनाथ के कपाट बंद होने की तिथि तय होगी।

## अतिक्रमण से मुक्त करने हेतु किया सीमांकन



**सुवासरा, 11 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** नगर के चर्चित कृषि उपज मंडी की शासकीय जमीन को भूमाफिया से छुड़वाने के लिए राजस्व विभाग ने बुधवार को सीमांकन का कार्य किया। राजस्व विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों ने करीब 11 बीघा के लगभग ज़मीन को शासकीय बताया। 8 घंटे चली कार्यवाही के दौरान राजस्व निरीक्षक मुकेश सालवी, कस्बा पटवारी शुभम जैन, प्रभुलाल रायका, हरीश पाटीदार, कैलाश सूर्यवंशी, अतिक्रमण कर्ता, मंडी प्रशासन, शिवसेना नेता शांतिलाल पाटीदार, व्यापारी संघ के सदस्य मौजूद रहे। पटवारी के द्वारा पंचामा बनाकर तहसीलदार को सौपगे जिसके बाद तहसीलदार प्रतिवेदन बनाकर सीतामऊ एसडीएम को भेजेंगे।

तहसीलदार मोहित सीनम ने बताया कि कृषि उपज मंडी की जमीन का प्रतिवेदन बनाकर एसडीएम को भेजेंगे वहां से आदेश आने के बाद बलपूर्वक जाकर कब्जा हटाएगे और मंडी प्रशासन को कब्ज़ा दिलाएंगे।

## मतदाता जागरूकता क्विज प्रतियोगिता सम्पन्न

**पिपलियामंडी, 11 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** मतदान जागरूकता के अंतर्गत तीन दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत प्रथम दिन शासकीय महाविद्यालय के विद्यार्थियों के बीच एक प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें निर्वाचन आयोग, निर्वाचन प्रक्रिया, मतदान की योग्यता एवं और प्रजातंत्र में निर्वाचन के महत्व के प्रश्नों को लेकर जिला प्रशासन मंदसौर द्वारा स्वीप गतिविधि के अंतर्गत आयोजित किये जा रहे इस कार्यक्रम में छात्रा वर्ग में निशा पाटीदार, मीनाक्षी पाटीदार, वंदना पाटीदार, मोमल कुंवर मुस्कान, भावना की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्र वर्ग में सत्यप्रकाश राठौड़, मोनू नागदा, निलेश मेघवाल, वीरेंद्र आर्य और धनंजय कारपेंटर की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का संचालन प्रो. दयानंद पाटीदार ने किया। जानकारी कार्यक्रम अधिकारी प्रो राजीवसिंह ने दी।

## चार आरोपी जिला बदर

**नीमच, 11 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री दिनेश जैन द्वारा म.प्र.राज्य सुरक्षा अधिनियम-1990 के तहत आरोपियों को तीन-तीन माह के लिए जिला बदर करने का आदेश जारी किया गया है। जिला दण्डाधिकारी द्वारा अम्बेडकर कालोनी नीमच निवासी शाहरूख पिता आरिफ मेवाती थाना नीमच केंट, ग्राम सावन निवासी बादल पिता मुकेशराव भाट थाना नीमच सिटी, एवं महागढ निवासी विशाल पिता सुरेश थाना मनासा को तीन-तीन माह के लिए जिला बदर करने का आदेश जारी किया गया है।

इसी तरह यादव मण्डीय नीमच सिटी निवासी राहुल उर्फ टिलू पिता नाहर सिंह थाना नीमच सिटी को छह माह की अवधि के लिए जिला बदर करने का आदेश जारी किया गया है। उक्तक आरोपीगण नीमच जिले की राजस्व सीमा तथा समीपवर्ती मंदसौर, रतलाम, शाजापुर, उज्जै न, देवास एवं आगर-मालवा जिले की राजस्वम सीमा में जिला बदर अवधि में प्रवेश नहीं कर सकेगें।

**आरोपी को थाना हाजरी का आदेश-**जिला मजिस्ट्रेट नीमच श्री दिनेश जैन व्दारा राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के तहत अनावेदक जुगल पिता सुल्तान निवासी महागढ, थाना मनासा को सदाचार बनाये रखने के लिए 6 माह तक सप्ताह में एक दिन (थाना प्रभारी व्दारा निश्चित दिन) थाना हाजरी का आदेश जारी किया गया है।

## मिनरल वाटर प्लांट संचालक को मजदूरों ने पीटा

**पिपलियामंडी, 11 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** मिनरल वाटर प्लांट पर कार्य करने वाले मजदूरों ने संचालक को पीटा। पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पिपलिया चोपाटी निवासी आदित्य पालीवाल ने पिपलिया थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि काचरिया चन्द्रावत निवासी जीवन पिता मांगीलाल पंवार, विकास पंवार व विजय पंवार मेरे मिनरल वाटर प्लांट पर कार्य कर रहे थे। 30 सितम्बर 2023 को यह टेम्पो लेकर पानी की टंकिया देने गए थे, लेकिन ग्राहकों की कॉल आई कि हमें टंकियां नही मिली। मेरे पिता शिवप्रसाद गांव काचरिया चन्द्रावत गए तो तीनों बोले कि टंकिया हमने बेच दी है और अब हमें काम पर नही आना है। मेरे पिता ने तीनों से कहा कि तुम्हारा जो भी हिसाब है प्लांट पर आकर करना। मंगलवार को शाम 6 बजे करीब तीनों पिपलिया प्लांट पर आए और गाली-गलौज की। मेरे व मेरे पिताजी के साथ लकड़ी से पिटाई की, उंगलियों व गर्दन में चोंट आई। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया।


**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल रतलाम**
**नामान्तरण –सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मण्डल की आवासीय कालोनी किटीयानी मन्दसौर में स्थित भवन क्रंमांक एच एक्स-71 का विक्रय विलेख मण्डल द्वारा श्रीमती धनवंती जैन पति स्व. गुणवंतलाल जैन निवासी जवाहर नगर नीमच के नाम पर दिनांक 19/09/2018 को संपादित किया गया है। इनके द्वारा उक्त भवन का विक्रय पत्र दिनांक 29/09/2018 को श्रीमती मेहरू आरा शेख पति आखिल शेख निवासी मनासा के पक्ष मे पंजीयन करवाया गया है। जिसके आधार पर उक्त भूखण्ड/भवन का नामांतरण इनके नाम पर किया जाना है इस हेतु इनके द्वारा आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किये गये हैं।

यदि इस संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की समय अवधि में मय ठोस प्रमाण के मण्डल में प्रस्तुत करें। विज्ञापन समय अवधि व्यतीत हो जाने पर भवन का नामांतरण इनके नाम कर दिया जावेगा उसके पश्चात् कोई दावा आपत्ति मान्य नही होगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग-रतलाम (मप्र)**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल रतलाम**
**नामान्तरण –सूचना**

मण्डल की आवासीय कॉलोनी किटीयानी मंदसौर स्थित भवन क्रमांक MIG II-192 को श्रीमती शोभा सेन पति श्री रामेश्वर सेन को नामांतरण आदेश क्रमांक 1612 दिनांक 06.11.1996 को नामांतरित किया गया था। इनके द्वारा उक्त भवन का विक्रय दिनांक 17.07.2006 को श्रीमति प्रणिता जिल्हेवार पति मिलिन्द जिल्हेवार को उप पंजीयक कार्यालय मंदसौर में निष्पादित किया गया था। उक्त विक्रय पत्र एवं प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर भवन का नामांतरण श्रीमति प्रणिता जिल्हेवार पति मिलिन्द जिल्हेवार के नाम पर किया जाना है।

अत : इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर भवन का नामांतरण श्रीमति प्रणिता जिल्हेवार पति मिलिन्द जिल्हेवार के नाम से कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नही होगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग-रतलाम (मप्र)**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल रतलाम**
**नामान्तरण –सूचना (मृत्यु उपरांत)**

मण्डल की आवासीय कॉलोनी गाँधी नगर मंदसौर स्थित भवन क्रमांक. E 107 श्री लक्ष्मीनारायण पोरवाल पिता श्री धनराज पोरवाल को मण्डल द्वारा वर्ष 2014 में आवंटन किया गया था। भवन का पंजीयन उप पंजीयक कार्यालय मंदसौर में दिनांक 27.04.2017 को पंजीबद्ध किया गया था।

आवंटी श्री लक्ष्मीनारायण पोरवाल पिता श्री धनराज पोरवाल का स्वर्गवास दिनांक 24.04.2021 को तथा इनकी पत्नी श्रीमती कमलाबाई पति स्व. श्री लक्ष्मीनारायण पोरवाल का स्वर्गवास दिनांक 11.06.2018 तथा इनके एकमात्र पुत्र श्री दिनेश मण्डवारीया का स्वर्गवास दिनांक 17.02.2022 को हो चूका है। श्री लक्ष्मीनारायण पोरवाल द्वारा उक्त भवन के नामजदगी में अपने पुत्र श्री दिनेश मण्डवारीया का नाम दर्ज किया था। श्री दिनेश मण्डवारीया की मृत्यु उपरांत इनकी पत्नी श्रीमती पार्वती मण्डवारीया पति स्व. श्री दिनेश मण्डवारीया प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर भवन का नामांतरण अपने नाम से करवाना चाहती है।

अत इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करें समयावधि व्यतीत हो जाने पर भवन क्रमांक. E 107 गाँधी नगर मंदसौर का नामान्तरण श्रीमती पार्वती मण्डवारीया पति स्व. श्री दिनेश मण्डवारीया के नाम से कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नही होगा ।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग-रतलाम (मप्र)**


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in